# विदेशी विद्यार्थियों ने किया वृक्षारोपण

वर्धा, 18 अगस्त, 2016; महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय परिसर को हरा-भरा करने की मुहिम के



तहत विश्वविद्यालय के पर्यावरण क्लब द्वारा फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में वृक्षारोपण कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। जिसमें विदेशी विद्यार्थियों ने दिलचस्पी के साथ वृक्षारोपण किया। चीन, थाईलैण्ड के




विद्यार्थियों ने फलदार (आम, जामून, नींबू, आंवला आदि) वृक्ष लगाए। इस अवसर पर चीन की छात्रा याङ मुत्च ने कहा कि हम यहां से एक-दो साल पढ़कर चले जाएंगें परंतु वृक्षारोपण करने से हमारे बाद आने वाले विद्यार्थियों को पौष्टिक फल खाने को मिल सकेगा और यह कितना सुखद आंनद आएगा कि विद्यार्थी पेड़ से पके फल का स्वाद ले सकेंगे।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. मैत्रेयी घोष, जनसंचार विभाग के प्रो.अरुण कुमार त्रिपाठी, फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास के अधीक्षक और पर्यावरण क्लब के प्रभारी अनिर्बाण घोष, सहायक संपादक डॉ. अमित विश्वास सहित चीन के विद्यार्थी वाङ श्येनमु, वू श्याओश्याओ, चाओ त्चयौ, त्सोए फाङमिङ, वाङ तानलिन, थाईलैण्ड के विद्यार्थी सासाशिरी सुवानथिप, सिरिपोर्न सिरिनाथ, वालादा चुरारथ आदि ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के सफलतार्थ विश्वविद्यालय के विजय पाल पाण्डे, प्रवीण झाड़े, प्रदीप आदे, नितिन बुधवावरे, सद्दाम हुसैन, सीमा प्रजापति, पुरन्दर शर्मा, दुर्गा सहित कई कर्मियों ने सहयोग किया।